पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर

वेबसाईट: www.shekhauni.ac.in ई–मेल: registrar.shekhauni.ac.in दूरभाष नं.: 01572-232411

विद्या परिषद् की विशेष बैठक दिनांक 11.03.2025 का कार्यवाही विवरण

विद्या परिषद् की विशेष बैठक दिनांक 11.03.2025 को विश्वविद्यालय कॉन्फ्रेंस हॉल में दोपहर 12:15 बजे आयोजित हुई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहेः–

1.	प्रो. अनिल कुमार राय	माननीय कुलपति	अध्यक्ष
2.	डॉ. मुकेश शर्मा	प्रतिनिधि, प्रमुख शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग (ऑनलाईन उपस्थिति)	सदस्य
3.	श्री विजय सिंह ढ़ाका	प्रतिनिधि, आयुक्त, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान (ऑनलाईन उपस्थिति)	सदस्य
4.	डॉ. राजेन्द्र सिंह	संकायाध्यक्ष, कला संकाय	सदस्य
5.	डॉ. मंजु लाडला	संकायाध्यक्ष, समाज विज्ञान संकाय	सदस्य
6.	डॉ. रणवीर सिंह	संकायाध्यक्ष, विज्ञान संकाय	सदस्य
7.	डॉ. भंवर लाल	संकायाध्यक्ष, वाणिज्य संकाय	सदस्य
8.	डॉ. राकेश कुमार	संकायाध्यक्ष, शिक्षा संकाय	सदस्य
9.	श्रीमती श्वेता यादव	कुलसचिव	सदस्य सचिव

बैठक की विधिवत कार्यवाही आरम्भ होने से पूर्व माननीय कुलपति महोदय ने सभी आगन्तुक सदस्यों का स्वागत किया। बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने हेतु कुलसचिव को निर्देशित किया गया और विद्या परिषद् की बैठक में प्रस्तुत विशेष मद (Agenda) पर विचार विमर्श उपरान्त निम्नानुसार निर्णय लिया गयाः–

Item Agenda (मद) :– माननीय राज्यपाल, राजस्थान एवं कुलाधिपति, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय में दिनांक 28.03.2025 को आयोजित होने वाले 5वें दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय के वर्ष 2023 व 2024 के स्नात्तक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को उपाधि प्रदान किये जाने हेतु अनुग्रह (Grace) पारित करना, सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान करने तथा विश्वविद्यालय परिनियम के अध्याय 19 के बिन्दु संख्या 23 (3) के अन्तर्गत मानद उपाधि हेतु समिति द्वारा सुझाए गए नामों पर विचार व निर्णय।

निर्णयः–विद्या परिषद के समस्त सदस्यों ने सर्वसम्मति से वर्ष 2023 के कुल 93649 परीक्षार्थियों व वर्ष 2024 के कुल 90606 परीक्षार्थियों कुल 184255 परीक्षार्थियों को स्नात्तक व स्नातकोत्तर कक्षाओं में उत्तीर्ण होने पर उपाधि प्रदान किये जाने का अनुग्रह (Grace) पास किया गया।

वर्ष 2023 के 35 विद्यार्थियों तथा वर्ष 2024 के 34 विद्यार्थियों कुल 69 विद्यार्थियों को स्वर्णपदक दिए जाने का अनुमोदन किया गया साथ ही 2 स्वर्णपदक निजी संस्थान द्वारा दिए जाने की भी सहमति प्रदान की गई।

सक्षम स्तर से मानद उपाधि हेतु गठित समिति की अनुशंसा दिनांक 07.03.2025 में 4 माननीयों:–

(i) आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशनंद गिरी जी महाराज

(ii) श्री जगदीश प्रसाद सिंघल

(iii) डॉ. बजरंग लाल गुप्ता

(iii) श्री शंकर लाल

को मानद उपाधि प्रदान करने हेतु की गई संस्तुति पर सर्वसम्मति से विचार कर उनको पंचम दीक्षांत समारोह के अवसर पर मानद उपाधि प्रदान करने हेतु सक्षम स्तर से अनुमोदन हेतु भिजवाये जाने का निर्णय किया गया। बैठक में दीक्षांत समारोह की सम्पूर्ण विधिक औपचारिकताएं पूर्ण करने का निर्णय किया गया।

अंत में, सदस्य सचिव/कुलसचिव द्वारा सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही सम्पन्न हुई।

कुलसचिव